# वेदांता ने बाघ दिवस पर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट को किया प्रोत्साहित



उदयपुर | बाघ दिवस पर मंगलवार को द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन ने रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में महत्वपूर्ण संरक्षण इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। वेदांता लिमिटेड की अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन के ये प्रयास वन कर्मचारियों को सहयोग प्रदान कर क्षेत्र में सुरक्षा को बढ़ावा देंगे, तथा अवैध शिकार, अवैध अतिक्रमण एवं आवास में व्यवधान जैसे खतरों को कम करने में कारगर होंगे।